प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
23.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए दो हजार एक सौ पर्यवेक्षकों की टीम तैनात की है। यह पर्यवेक्षक देशभर में जिला चुनाव अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों पर निगरानी रखेंगे। इन पर्यवेक्षक की प्राथमिकता चुनाव प्रक्रिया के दौरान जबरदस्ती प्रलोभन या धमकी की किसी भी घटना को रोकना है। यह सुरक्षा बलों की तैनाती की निगरानी करेंगे और उनकी रेंडमाइजेशन भी सुनिश्चित करेंगे। चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए उन्हें कर्मियों के साथ–साथ मशीनों के रेंडमाइजेशन की जिम्मेदारी भी सौंप गई है। इन पर्यवेक्षकों को निर्धारित संसदीय क्षेत्र में रहना होगा और इन्हें मतदान केंद्रों का लगातार भ्रमण करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे चुनाव के दौरान संभावित चुनौतियों या मुद्दों का आकलन और समाधान करने में मदद मिलेगी। चुनावी प्रक्रिया को प्रभावी बनाने की दिशा में पर्यवेक्षक राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के साथ बैठक भी करेंगे।

होली उत्सव

सुजानपुर में आज से शुरू हो रहे राष्ट्रीय स्तर के होली उत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। 26 मार्च तक आयोजित किए जाने वाले राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव का आज राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल दोपहर बाद तीन बजे भव्य शोभा यात्रा और ऐतिहासिक मुरली मनोहर मंदिर में पूजा–अर्चना के साथ शुभारंभ करेंगे। जिला उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह, ने बताया कि उत्सव की चारों सांस्कृतिक संध्याओं के कार्यक्रम शाम 4 बजे आरम्भ कर दिए जाएंगे। पहली सांस्कृतिक संध्या रात 12 बजे तक होगी, जबकि अन्य तीन सांस्कृतिक संध्याएं रात 10 बजे तक होंगी। उन्होंने बताया कि पहली सांस्कृतिक संध्या में अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार चंद शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस संध्या के स्टार कलाकार लखविंद्र वडाली होंगे। उपायुक्त ने बताया कि उत्सव के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत भी विशेष व्यवस्था की जाएगी।

शहीद दिवस

आज शहीद–ए–आजम भगत सिंह, राजगुरू और सुख देव का शहीदी दिवस है। आज ही के दिन 1931 में लाहौर षडयंत्र मामले में इन तीनों महान शहीदों ने देश की आजादी के लिए हंसते–हंसते फांसी के फंदे को गले से लगा लिया था। इस अवसर पर आज पंजाब सहित देश के कोने–कोने में इन महान शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी जा रही है।

लोकसभा चुनाव

प्रदेश में लोकसभा चुनाव सहित विधानसभा के उपचुनाव को लेकर निर्वाचन विभाग ने मतदाता सूचियों में नए व छूटे हुए मतदाताओं के नाम दर्ज करवाने का कार्य शुरू किया है। मतदाता सूची में 4 मई तक नाम दर्ज करवाएं जा सकते है। नाम दर्ज करवाने वाले मतदाता अपने मतदान केंद्र के बूथलेवल अधिकारी या एस.डी.एम. कार्यालय में फार्म नम्बर 6 भर सकते है। एक अप्रैल 2024 को 18 वर्ष से अधिक आयु पूर्ण कर रहे मतदाता भी अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकते है। सूचियों में मतदाता के नाम सुधार का कार्य 26 मार्च तक ही करवाया जा सकता है।

भाजपा बैठक

लोकसभा चुनाव और विधानसभा के उपचुनाव के लिए रणनीति बनाने को लेकर शिमला में कल शाम भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के दिल्ली रवाना होने के चलते बैठक की अध्यक्षता विधायक विपिन सिंह परमार ने की। बैठक में पार्टी के विधायकों सहित भाजपा महामंत्री बिहारी लाल शर्मा भी मौजूद रहे।

बैंक—31 मार्च

रिजर्व बैंक ने सभी बैंकों को परामर्श जारी किया है कि वे रविवार, 31 मार्च को अपनी सभी शाखाएँ खुली रखें। यह परामर्श सरकारी प्राप्तियों और भुगतानों से संबंधित सभी बैंकों को 31 मार्च को लेनदेन के लिए खुला रखने के अनुरोध के बाद आया है। जिससे प्राप्तियों और भुगतानों से संबंधित सभी सरकारी लेनदेन का हिसाब—किताब चालू वित्त वर्ष में ही किया जा सके।

एक नजर अखबारों की सुर्खियो पर....

आज सभी समाचार पत्रों ने तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफा से जुड़ी ख़बर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

पंजाब केसरी का शीर्षक है—3 निर्दलीय विधायकों ने दिए इस्तीफे, अब 6 नहीं 9 विधानसभा क्षेत्रों में होंगे उपचुनाव। दैनिक जागरण की सुर्खी है—भाजपा के होंगे तीन निर्दलीय विधायक, छोड़ी सदस्यता। दिव्य हिमाचल लिखता है—तीनों निर्दलीय विधायकों का इस्तीफा—सीएम बोले, निर्दलीय विधायकों ने किया जनभावना से खिलवाड़ । दैनिक भास्कर का कहना है—और अब आजाद विधायकों का इस्तीफा। अमर उजाला का शीर्षक है—निर्दलीय तीन विधायकों ने सौंपे इस्तीफे विधानसभा अध्यक्ष ने अभी नहीं किए मंजूर।

दैनिक भास्कर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है—भाजपा के ओछे हथकंडों से डरने वाली नहीं कांग्रेस—प्रतिभा सीधी और स्पष्ट बात करने वाली नेता। आपका फैसला का कहना है—भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही। हिमाचल दस्तक के मुताबिक—निर्दलीय विधायकों ने नोटों के दबाव में आकर किया रिजाइन। अमर उजाला की सुर्खी है—कांग्रेस एकजुट, सभी एक साथ उतरेंगे प्रचार में।

नड्डा की अध्क्षता में बैठक, 9 पूर्व विधायकों को भाजपा में शामिल करने पर मुहर—पंजाब केसरी की एक अन्य ख़बर है। अमर उजाला लिखता है—कांग्रेस के 6 बागी, तीन निर्दलीय कभी भी हो सकते हैं भाजपा में शामिल। आज भाजपा में शामिल होंगे कांग्रेस के बागी शीर्षक से—हिमाचल दस्तक लिखता है—तीनों निर्दलीय भी दिल्ली में करेंगे बीजेपी ज्वाइन।

पंजाब केसरी लिखता है—सियासी कशमकश के बीच ध्वाला ने आज देहरा में कार्यकताओं की बैठक बुलाई।

आपका फैसला ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग के बयान को सुर्खी दी है—इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना में नहीं जोड़े जा सकेंगे नए लाभार्थी।

मौसम पर दैनिक भास्कर के शब्द हैं—हिमाचल में बारिश – बर्फबारी का दौर जारी, 25 को मौसम साफ।

———————————